Sanmarg

AMRI, Mukundapur mein bhi ho sakegi Bariatric surgery

Date: 01/06/2017 | Edition: Kolkata | Page: 2 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 17 H: 9

India Media Monitor

Clip: 1 of 1

आमरी, मुकुंदपुर में भी हो सकेगी बेरियाट्रिक सर्जरी

कोलकाता : आमरी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने एशियन बेरियाट्रिक्स, अहमदाबाद के साथ एक करार किया है। इसके तहत अब आमरी, मुकुंदपुर में भी बेरियाट्रिक सर्जरी हो सकेगी। कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को इसकी जानकारी ऑमरी हॉस्पिटल्स लिमिटेड के सीईओ **रुपक बरुआ** ने दी। मौके पर एशियन बेरियाट्रिक्स के संस्थापक व चेयरमैन **डॉ. महेंद्र नरवारिया** भी मौजूद थे। बरुआ ने कहा कि भुवनेश्वर में हमने इसी क्षेत्र में करार किया है।

शहनाई में बाधक बन रहा मोटापा

हर युवती अपने विवाह के सपने मन में संजोती है। हाथों में मेंहदी एक अच्छा वर उनकी चाहत होती है। बिहार के पटना की यामिनी (बदला हुआ नाम) ने भी मन में सपने संजोए थे। हालांकि बार-बार अपने बढ़ते वजन से उन्हें रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। बढ़ता वजन उसके सपनों में बाधक बन रहा था। आखिरकार उसके परिजनों ने डॉ.महेन्द्र नरवारिया से संपर्क किया। उन्होंने देखा तो पाया कि 206 किलो की यामिनी का वजन उसके मन के मीत से मिलने में बाधक बन रहा है। उन्होंने परिजनों को बेरियाट्रिक सर्जरी की सलाह दी। सर्जरी से उसका वजन सीधे 86 किलो हो गया। अब वह शादी करके वैवाहिक जीवन का आनंद ले रही है। डॉ.नरवारिया ने कहा कि आज यह समस्या एक युवती ही नहीं युवकों में भी है। शादी के बाद अधिक मोटापा तलाक तक की नौबत खड़ा कर दे रहा है। इससे गर्भधारण में भी परेशानी हो रही है।

- **एशियन बेरियाट्रिक्स के साथ किया करार**

पंजाब पहले पर, कोलकाता तीसरे पर

मोटापे की समस्या में पंजाब पहले स्थान पर है, जबकि कोलकाता तीसरे स्थान पर है। पश्चिम बंगाल में 36.2 प्रतिशत व पंजाब में 37.7 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं।

एक नजर में आंकड़े

- 2.2 करोड़ भारतीय मोटापे की समस्या से ग्रस्त
- 20 से 30 प्रतिशत बच्चे मोटापे का शिकार

हर साल 15 लाख को बेरियाट्रिक सर्जरी की आवश्यकता

- कोलकाता में जनसंख्या के 7 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से ग्रस्त